with a print out of the draft of the Project Work before a panel of experts consisting of the Senior most teacher of the subject, one subject expert to be nominated by the Vice-Chancellor, and the Supervisor of the Candidate.

23 The pre-submission presentation will be allowed only after the recommendation of the supervisor and publication of one article in the referred / ISSN journals before submission of the thesis. The evidence for the same in form of reprint or in the form of acceptance letter has to be presented by the candidate with the application for arranging the pre-submission presentation.

24 The pre-submission presentation shall be open for all and suggestions, comments and feedback can also be invited from the audience after the presentation. The suggestions, which shall be relevant and necessary as felt by the panel of experts, shall be recorded and will be communicated to the candidate for incorporation in the final draft of the Project Work before its submission.

25 After incorporating the suggestions given by the panel of experts in the pre-submission presentation, the candidate shall submit three typed copies of his/ her Project Work along with three copies each of the summary in about 2000 words and the brief abstract in about 400 words. The candidate has also to submit soft copies each of the pre-submission presentation Project Work, summary the abstract on CD / DVD's in two sets.

26 Except in languages, the medium of Project Work for the Doctor of Philosophy degree will be either Hindi or English.

27 The Project Work of every candidate for the Master of Philosophy (M.Phil.) degree course shall be evaluated by two external examiners separately out of 100 marks each and their total will be the marks for the Project Work. A candidate who obtains less than 50 percent marks in the Project Work will be declared to have failed in the Project Work.

28 The Supervisor and the chairman of the DRC of the concerned Subject shall recommend separately four names of the senior teachers who are at least Reader / Associate Professor in a college/ university to form a panel of examiners. Out of these four names at least two must be from abroad or out of state. The Vice-Chancellor may add one or more names in the panel if he thinks necessary. The Vice-Chancellor may appoint two examiners from the panel for evaluation of the Project Report. Out of these two examiners at least one of the Project Report examiners must be from abroad or states other than U.P.

29 If a candidate for the Master of Philosophy (M.Phil.) degree course gets passing marks in the Project Work, then he / she shall be asked to appear in a Comprehensive viva-voce examination before a board of examiners consisting of one of the external examiner appointed by the Vice-Chancellor, the senior most teacher of the concerned subject and the supervisor. The board of examiners will assign the viva voce marks jointly.

A candidate who obtains less than 50 percent marks in the viva voce will be declared to have failed in the viva voce.

30 If the nominated viva-voce examiner declines to conduct the viva-voce examination then the other examiner who had read the thesis will conduct the viva-voce examination.

31 If both the project examiners declines or are unable to conduct the viva-voce examination because of any reason then any one other teacher of the subject shall be appointed by the Vice-Chancellor to conduct the viva-voce examination in lieu of the project examiner.

32 If the Supervisor declines or is unable to conduct the viva-voce examination because of any reason then any one other examiner who had read the thesis or any other teacher of the subject shall be appointed by the Vice-Chancellor to conduct the viva-voce examination.

33 The Division shall be assigned to the successful candidates of the Master of Philosophy (M.Phil.) Programme at the end of the fourth semester on the basis of their aggregate marks in all papers including project work and viva-voce examination.

First Division	60% or above
Second Division	50% or above, but less than 60%
Unsuccessful	below 50%

34 If a student of the Master of Philosophy (M.Phil.) Programme failed or failed to appear in any one or more papers of the term-end examinations or in Project Work or in viva-voce, he/she may appear in the subsequent term-end examination of the concerned semester for that paper / those papers/ Project Work/ viva voce. This facility shall be available until the student passes that paper/ those papers, but only up to a period of four years from the date of admission.

35 If the Project Work is published the candidate shall state on the title page as well as at other appropriate places that it was a Project Work approved for the M. Phil. degree of the Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University, Allahabad.

36 In case of any ambiguity and/or dispute regarding interpretation of any provision, of these guidelines the decision of the Vice-Chancellor shall be final. Further if any thing or information or provision is not covered in these guidelines, it will be decided by the Vice-Chancellor.

37 Following the successful completion of the evaluation process and announcement of the award of M Phil. degree, the University shall submit a soft copy of the Project Work to the UGC within a period of thirty days for hosting the same in INFLIBNET, accessible to all Institutions/ Universities.

38 Along with the M. Phil. Degree, the University shall issue a provisional Certificate certifying to the effect that the Degree has been awarded in accordance with the provisions to the Regulations of the UGC.

संलग्नक – 09

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनाँक 03 एवं 04 मई 2012 को विश्वविद्यालय के मीटिंग हाल में प्रवेश, परामर्श, परीक्षा, अधिन्यास, परियोजना कार्य, पाठ्यसामग्री आदि पर विचार विमर्श करने एवं तद्नुसार शैक्षिक कैलेण्डर निर्धारित करने के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. डॉ. एस.पी. गुप्ता, निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा	—	संयोजक
2. डॉ बी.एन. सिंह, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा	—	सदस्य
3. डॉ एम.एन. सिंह, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा	—	सदस्य
4. डॉ ओम जी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा	—	सदस्य
5. डॉ प्रेम प्रकाश दूबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा	—	सदस्य
6. डॉ टी.एन. दूबे, पुस्तकालयाध्यक्ष	—	सदस्य
7. डॉ आर.पी.एस. यादव, परीक्षा नियंत्रक	—	सदस्य
8. डॉ संतोषा कुमार, प्रभारी, पाठ्यसामग्री	—	सदस्य
9. डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, प्रभारी, अधिन्यास प्रकोष्ठ	—	सदस्य
10. डॉ मुकेश कुमार, विशेष कार्याधिकारी, परीक्षा	—	सदस्य
11. डॉ एच.सी. जायसवाल, समन्वयक, क्षेत्रीय केन्द्र इलाहाबाद	—	सदस्य
12. डॉ गिरीश कुमार द्विवेदी, प्रभारी, प्रवेश अनुभाग	—	सचिव

बैठक का कार्यवृत्त

A प्रवेश से सम्बन्धित

(1) (अ) सत्र 2012–13 से प्रवेश सूचना विवरणिका के नाम को संशोधित किया जाय। हिन्दी और अंग्रेजी में इसका नाम निम्नानुसार रखने की संस्तुति की गई।

"हिन्दी में प्रथम पंक्ति में "वर्ष पर्यन्त प्रवेश" एवं द्वितीय पंक्ति में "सूचना विवरणिका" और अंग्रेजी में First Line में "Round The Year Admission" और Second Line में "Information Brochure" रखा जाए।

(ब) विवरणिका में यह भी मुद्रित कराया जाये कि यह विवरणिका प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु है एवं विद्यार्थी कार्यक्रम पर्यन्त इसे अपने पास सुरक्षित रखे तथा समय–समय पर आवश्यकतानुसार विभिन्न नियमों, प्रावधानों व अनुदेशों हेतु इसका अवलोकन करते रहे।

(2) उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष में दो सत्रों में प्रवेश लिया जाता है। सत्र का नाम पूर्व की भाँति निम्नवत होगा :–

(अ) जुलाई सत्र

(ब) जनवरी सत्र

प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया पूरे वर्ष निरन्तर संचालित रहेगी। परन्तु इसके अन्तर्गत दो सत्रों में प्रवेश लिया जाएगा, जिसे पूर्व की भांति जुलाई एवं जनवरी सत्र के नाम से जाना जायेगा। सत्रवार प्रवेश का विवरण निम्नवत् है:–

जुलाई सत्र – 16 फरवरी से 15 सितम्बर तक प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने वाले शिक्षार्थी।

जनवरी सत्र – 16 सितम्बर से 15 फरवरी सितम्बर तक प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने वाले शिक्षार्थी।

शिक्षार्थियों के प्रवेश आवेदन फार्म जमा करने की तिथि के आधार पर ही सम्बन्धित सत्र हेतु प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा स्वतः कर दिया जायेगा और शिक्षार्थी को उस सत्र के सापेक्ष निर्धारित माह में ही परीक्षा देनी होगी।

(4) जुलाई सत्र के प्रथम वर्ष के प्रवेशित शिक्षार्थी अपने द्वितीय/तृतीय वर्ष में प्रवेश के लिये अगले सत्र के जुलाई सत्र में ही प्रवेश के लिए आवेदन करेगें। इसी प्रकार जनवरी सत्र के प्रथम वर्ष के प्रवेशित शिक्षार्थी अपने द्वितीय/तृतीय वर्ष में प्रवेश के लिये अगले सत्र के जनवरी सत्र में ही प्रवेश के लिए आवेदन करेगे। जुलाई सत्र के शिक्षार्थी को जनवरी सत्र में एवं जनवरी सत्र के शिक्षार्थी को जुलाई सत्र में प्रवेश किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं है।

(5) *सत्र 2012–13 से प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रत्येक शिक्षार्थी को सूचना विवरणिका क्रय करना अनिवार्य होगा।* प्रवेश सूचना विवरणिका में प्रवेश, परीक्षा, परामर्श, परियोजना कार्य, क्रेडिट, प्रयोगात्मक कार्य, कार्यक्रम संरचना, कार्यक्रम शुल्क, अध्ययन केन्द्र, परीक्षा केन्द्र परिवर्तन, तथा विषय एवं कार्यक्रम परिवर्तन से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित कराई जाय। प्रथम वर्ष के प्रवेशित शिक्षार्थियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाय कि जब तक उनका कार्यक्रम पूर्ण न हो इसको संरक्षित रखें एवं नियमों तथा आवश्यक अनुदेश हेतु समय–समय पर इसका अवलोकन करते रहें। विवरणिका का मूल्य रू0 100 हो एवं **handling charges** इसमें से रू0 20/– प्रति विवरणिका की दर से अध्ययन केन्द्र काटकर शेष धनराशि का ड्राफ्ट प्रत्येक माह की अन्त में प्रवेश अनुभाग को भेज दें।

(6) प्रवेश आवेदन फार्म की छायाप्रति एवं बेबसाइट से डाउनलोड प्रवेश फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा। विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर प्रवेश सूचना विवरणिका सूचना प्राप्त करने के उददेश्य से **upload** किया जाय।

(7) A- अध्ययन केन्द्रों से क्षेत्रीय कार्यालयों को उपलब्ध कराये गये अपूर्ण आवेदन पत्र, निर्धारित शुल्क से कम शुल्क का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व केन्द्र समन्वयक का होगा।

B- शिक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय को एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को सीधे प्रेषित प्रवेश आवेदन फार्म निरस्त कर दिये जायेंगे, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का होगा।

(8) छात्र को पूर्ण रुप से भरे हुए मूल आवेदन प्रवेश फार्म सभी योग्यता प्रदायी अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों की प्रमाणित छायाप्रतियों एवं कार्यक्रम शुल्क के ड्राफ्ट के साथ चयनित अध्ययन केन्द्र पर जमा करना

अनिवार्य होगा। शिक्षार्थी को अध्ययन केन्द्र के द्वारा प्रवेश फार्म प्राप्त करने की रसीद विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रवेश रसीद बुक पर कंट्रोल नम्बर सहित उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

(9) *सत्र 2012–13 से सिर्फ बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही शुल्क जमा किया जायेगा।* चालान के माध्यम से जमा शुल्क किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जायेंगे। सत्र 2012–13 के प्रवेश सूचना विवरणिका में किसी भी बैंक के चालान फार्म संलग्न न किए जाय। यदि बेबसाइट पर चालान फार्म हो तो उसे हटा दिया जाए।

(10) रिजर्व बैंक के नये दिशा निर्देश के अनुसार ड्राफ्ट की वैधता अवधि 3 माह निर्धारित की गई है। अतः केन्द्र समन्वयक शिक्षार्थियों से प्रवेश आवेदन फार्म स्वीकार्य करने से पूर्व निश्चित रुप से आश्वस्त हो लें कि *शिक्षार्थी द्वारा संलग्न डिमाण्ड ड्राफ्ट 15 दिन से पुराना न हो।* इस सूचना को सूचना विवरणिका में शिक्षार्थी एवं समन्वयकों के लिए अच्छी तरह से Highlight किया जाय।

(11) प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व समन्वयकों की कार्यशाला क्षेत्रीय केन्द्रवार अलग–अलग अनिवार्य रुप से आयोजित कराई जाय एवं विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2012–13 हेतु लिए गये निर्णयों व ड्राफ्ट की वैधता अवधि के सम्बन्ध में सूचनाएं सम्प्रेषित की जायें। यदि उसके उपरान्त भी अध्ययन केन्द्रों द्वारा ड्राफ्ट जमा करने की अवधि का ध्यान एवं अन्य क्रियाकलाप हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों का पालन करना सुनिश्चित नहीं किया जाता है तो ऐसे अध्ययन केन्द्रों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। *समन्वयकों की कार्यशाला पर होने वाला व्यय डेक मद के स्टाफ ट्रेनिंग मद से किया जाए। इसमें समन्वयकों को किट बैग, हास्पीटेलीटिज (आतिथ्य), दो बार चाय–नाश्ता, लन्च [redacted] एवं टी०ए०/डी०ए० आदि की व्यवस्था भी की जाए।*

(12) प्रवेश एवं बैंक परीक्षा इत्यादि से प्राप्त धनराशि के शुल्क को जमा करने के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने पर वित्त अनुभाग विचार करे अथवा प्रवेश एवं बैंक परीक्षा इत्यादि से प्राप्त धनराशि के शुल्क को जमा करने के लिए वर्ष के निर्धारण हेतु कोई Earmark सुनिश्चित कर ले।

(13) प्रत्येक माह के अन्त तक अध्ययन केन्द्रों पर जमा प्रवेश आवेदन फार्म अगले माह की 7 तारीख तक अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा जाँच के बाद सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार उपलब्ध हो जाने चाहिये। यदि अध्ययन केन्द्र अपनी सुविधानुसार अपने स्तर से क्षेत्रीय कार्यालयों को हस्तगत कराना चाहता है तो वह भी स्वीकार्य होगा परन्तु इसके लिए किसी भी प्रकार का TA, DA एवं स्थानीय भत्ता आदि देय नहीं होगा।

- शिक्षार्थियों के पूर्ण रुप से भरे हुए मूल प्रवेश आवदेन फार्म।
- निर्धारित शुल्क का ड्राफ्ट।

(14) क्षेत्रीय समन्वयक अपने कार्यालय पर कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त प्रवेश आवेदन फार्मो की कम्प्यूटर प्रविष्टि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गये सापटवेयर पर निम्नांकित विवरण के अनुसार सम्पन्न करायेंगे:–

1. ~~[illegible]~~ प्रवेश प्रभारी द्वारा निर्दिष्ट बिन्दुओं की कम्प्यूटर प्रविष्टि।(फोटो व पता सहित)

2. ड्राफ्ट की कम्प्यूटर प्रविष्टि जिसमें शिक्षार्थी का नाम, कार्यक्रम का नाम, अध्ययन केन्द्र कोड, Lot No., Cont No., बैंक का नाम, तिथि, धनराशि एवं ड्राफ्ट संख्या सहित ।

उपरोक्त दोनों बिन्दुओं की सूचना को सी0डी0 में संरक्षित करते हुए एक सी0डी0 प्रवेश अनुभाग को तथा मूल ड्राफ्ट एवं ड्राफ्ट प्रविष्टि के विवरण की दूसरी सी0डी0 वित्त अनुभाग को बैंक खाते में ड्राफ्ट को जमा करने हेतु प्रत्येक माह की 20 तारीख तक अवश्य प्रेषित करेगे। अन्तिम तिथि 15 सितम्बर और 15 फरवरी तक जमा प्रवेश आवेदन फार्म, 22 सितम्बर एवं 22 फरवरी तक क्षेत्रीय कार्यालय पर केन्द्र समन्वयक द्वारा अनिवार्य रुप से उपलब्ध करा दिए जायेंगे। क्षेत्रीय समन्वयक इन फार्मो की भी कम्प्यूटर प्रविष्टि कराकर नामांकन जनरेशन के लिए एक सी0डी0 प्रवेश अनुभाग को और एक सी0डी0 लेखा अनुभाग को ड्राफ्ट जमा करने हेतु भेजवाना सुनिश्चित करेगें। यह प्रक्रिया अनवरत इसी प्रकार प्रत्येक माह में चलती रहेगी।

(15) क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सी0डी0 में उपलब्ध कराये गये शिक्षार्थियों के डाटा के सापेक्ष, प्रवेश अनुभाग द्वारा नामांकन संख्या जनरेट किया जायेगा और नामांकन संख्या की सूची प्रत्येक माह की अन्तिम तिथि (30/31) तक स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से अध्ययन केन्द्रों को उपलब्ध कराना होगा। यदि अध्ययन केन्द्र अपनी सुविधानुसार अपने स्तर से विश्वविद्यालय मुख्य परिसर से नामांकन संख्या की सूची को हस्तगत रुप से प्राप्त कराना चाहता है तो इसे नामांकन संख्या हस्तगत करा दिया जाये, परन्तु इसके लिए किसी भी प्रकार TA, DA एवं स्थानीय भत्ता आदि देय नहीं होगा। यह प्रक्रिया इसी प्रकार प्रत्येक माह में अनवरत चलती रहेगी।

(16) शिक्षार्थी अपनी अर्हता सम्बन्धी जांच प्रवेश ओवदन फार्म जमा करने के पूर्व स्वयं करेंगे। यदि अभ्यर्थी द्वारा जमा प्रवेश आवेदन फार्म में यह पाया गया कि शिक्षार्थी प्रवेश हेतु अर्ह नहीं है तो किसी भी समय ऐसी दशा में उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा और इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शिक्षार्थी की स्वयं होगी और उनके द्वारा जमा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

(17) उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के किसी कार्यक्रम के प्रवेशार्थी/शिक्षार्थी अन्य विश्वविद्यालय में भी छात्र रह सकते है, परन्तु उसी प्रकृति अर्थात उसी स्तर के उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाण–पत्र के कार्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकते है।

(अ) अन्य विश्वविद्यालय/संस्था में नामांकित शिक्षार्थी को निम्नानुसार प्रवेश लेने की सुविधा उपलब्ध होगी :–

अन्य विश्वविद्यालय के शिक्षार्थी	उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के अनुमन्य कार्यक्रम
स्नातक	एक डिप्लोमा या एक प्रमाण पत्र
परास्नातक	एक डिप्लोमा या एक प्रमाण पत्र

पी0 जी0 डिप्लोमा	एक प्रमाण पत्र
डिप्लोमा	एक डिग्री या एक प्रमाण पत्र
प्रमाण पत्र	एक डिग्री या एक डिप्लोमा

नोट– अन्य विश्वविद्यालय में नामांकित शिक्षार्थी को अध्ययनरत रहने की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को देना अनिवार्य होगा।

(ब) उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों में शिक्षार्थी स्नातक अथवा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ पी0जी0 डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकता। ऐसा करने पर उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। शिक्षार्थियों को शैक्षिक सत्र में संचालित कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु निम्नानुसाार सुविधाएं ही अनुमन्य है:–

स्नातक	एक डिप्लोमा या एक प्रमाण–पत्र
परास्नातक	एक डिप्लोमा या एक प्रमाण–पत्र
पी0जी0डिप्लोमा	एक प्रमाण पत्र कार्यक्रम

(18) अध्ययन केन्द्र परिवर्तन हेतु निम्न प्रावधान किए जाएं–

- अध्ययन केन्द्र परिवर्तन शुल्क रू0 500/– के स्थान पर रू0 750/– कर दिया जाये।
- जुलाई सत्र के शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केन्द्र परिवर्तन 30 अक्टूबर एवं जनवरी सत्र के शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केन्द्र परिवर्तन 30 मार्च तक ही अनुमन्य होगे।
- अध्ययन केन्द्र परिवर्तन–स्थानान्तरण, चिकित्सीय कारण एवं छात्राओं के विवाह होने या किसी अन्य तर्क संगत स्थिति में ही स्वीकार्य होगा।
- अध्ययन केन्द्र परिवर्तन हेतु निर्धारित शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट निर्धारित तिथि तक आबंटित अध्ययन केन्द्र के माध्यम से केन्द्र समन्वयक द्वारा सामान्यतः अग्रसारित होने की दशा में ही स्वीकार्य होगा। समन्वयक द्वारा अग्रसारित आवेदन पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि पूर्व में आबंटित केन्द्र से पाठ्य–सामग्री दी गई है अथवा नहीं। पाठ्य–सामग्री के विषय में उल्लेख न होने की दशा में शिक्षार्थी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- नये स्थापित अध्ययन केन्द्रों पर द्वितीय/तृतीय वर्ष में स्थानान्तरण की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।
- विशेष परिस्थिति में अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी बिना अग्रसारित आवेदन पत्र पर आदेश दे सकते है।

(19) कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन निम्नलिखित शर्तो के अधीन होगे।

- जुलाई सत्र के शिक्षार्थियों के लिए 30 अक्टूबर एवं जनवरी सत्र के शिक्षार्थियों के लिए 30 मार्च तक ही कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन अनुमन्य होगे।
- कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन हेतु क्रमशः रू0 500 के स्थान पर रू0 750/– एवं रू0 300 के स्थान पर रू0 500/– कर दिया जाय।

- कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन हेतु निर्धारित शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट निर्धारित तिथि तक अवश्य बने होने चाहिए। इसके साथ ही पूर्व में प्राप्त पाठ्य–सामग्री को अध्ययन केन्द्र पर जमा करना होगा। पूर्व में प्राप्त पाठ्य–सामग्री को ज़मा करने का प्रमाण–पत्र केन्द्र समन्वयक द्वारा अग्रसारित होना चाहिए। अग्रसारण प्रमाण पत्र प्राप्त न होने की दशा में आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

(20) परिचय पत्र हेतु निम्नानुसार व्यवस्था होगी:–

- परिचय पत्र का ब्लैंक स्टेशनरी सभी अध्ययन केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जाय।
- नामांकन संख्या प्राप्त हो जाने के पश्चात केन्द्र को यह दायित्व दिया जाय कि वे अपने यहां नामांकित शिक्षार्थियों को परिचय पत्र प्राचार्य/समन्वयक महोदय के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत करें।
- डुप्लीकेट परिचय पत्र अध्ययन केन्द्र द्वारा निर्गत नहीं होगे, अपितु निर्धारित शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट/चालान प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के प्रभारी प्रवेश अनुभाग द्वारा ही निर्गत किए जाये।

(21) कार्यक्रम पूर्ण करने के लिए अधिकतम अवधि का प्रावधान होने के कारण पुनः पंजीकरण की स्थिति में शिक्षार्थी को एक वर्ष की अवधि में अपने सम्पूर्ण प्रश्नपत्रों को पूर्ण करने की परिस्थिति होने पर इस शर्त के साथ पुनः पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने की संस्तुति की गई कि वे एक वर्ष में कार्यक्रम को पूरा कर लें।

(22) अध्ययन केन्द्रों द्वारा प्रवेश आवेदन फार्म प्रेषित करने से पूर्व प्रवेश अर्हता सम्बन्धी जांच की जानी चाहिए। किसी भी प्रकार की विसंगति के लिए केन्द्र समन्वयक एवं प्राचार्य जिम्मेदार होगे। इस आशय का आदेश अध्ययन केन्द्र समन्वयक एवं प्राचार्य को सक्षम अधिकारी के माध्यम से निर्गत किया जाए।

(23) सत्र 2013–14 हेतु प्रवेश परीक्षा वाले कार्यक्रमों एम0बी0ए0, बी0एड0, बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) एवं पी0जी0पी0डी0 में OMR Based application form लागू की जाय। यदि सम्भव हो तो सामान्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी ओ.एम.आर. एप्लीकेशन फार्म प्रयुक्त किया जाये।

(24) सत्र 2010–11 में प्रयुक्त कम्प्यूटर, प्रवेश फार्म के प्रारूप को आवश्यक संशोधन के साथ सत्र 2012–13 से लागू किया जाये।

(25) सामान्य कार्यक्रमों में वर्ष पर्यन्त प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने के कारण शिक्षार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा पर आधारित कार्यक्रमों में भी प्रवेश लेने हेतु आवेदन करने की प्रबल सम्भावनाएं रहती हैं जिससे अनेक प्रकार की विसंगतियों का सामना करना पड़ सकता है इसको दृष्टिगत रखते हुए ऐसे कार्यक्रमों की सूचना सामान्य सूचना विवरणिका में उल्लिखित न की जाए।

(26) शुल्क के सम्बन्ध में निम्नानुसार प्रावधान अनुमन्य होगें–

(i) विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र विद्या परिषद् द्वारा समय–समय पर अवधारित शुल्क अदा करेंगे।

(ii) शुल्कों की अदायगी ऐसी तिथियों एवं पद्धति से की जायेगी जैसी समय–समय पर अधिसूचित की जाये।

(iii) विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम न चलाये जाने अथवा किसी अन्य कारण के अलावा आवेदन पत्र के साथ जमा की गयी शुल्क वापस नहीं की जायेगी।

(27) सत्र 2012–13 से प्रवेश सूचना विवरणिका में बैक पेपर फार्म को संलग्न न किया जाय।

(28) सत्र 2012–13 से सभी नामांकित शिक्षार्थियों के विवरण Hard Copy में अभिलेख हेतु संरक्षित किये जायें।

(29) सत्र 2012–13 में द्वितीय/तृतीय वर्ष के लिए अलग से सूचना विवरणिका मुद्रित कराया जाय जिसका मूल्य रु. 50/– रखा जाय। विक्रय करने वाले अध्ययन केन्द्रों को प्रति विवरणिका रु. 10/– देय होगा। छात्रों को प्रवेश विवरणिका क्रय करना अनिवार्य है।

(30) प्रवेश विवरणिका में दिये जाने वाले शैक्षणिक कैलेण्डर में छात्रों से सम्बन्धित सूचनाओं को भी समाहित किया जाये एवं क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों व अध्ययन केन्द्र समन्वयकों से सम्बन्धित विभिन्न सूचनाओं को दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम संचालन पुस्तिका के रूप में (जैसा कि समन्वयकों की कार्यशाला में दी जाती है) समाहित किया जाये।

B <u>स्व अध्ययन पाठ्य सामग्री (SLM) से सम्बन्धित</u>

(31) सत्र 2012–13 में प्रवेशित शिक्षार्थियों की स्व अध्ययन सामग्री अध्ययन केन्द्रों न भेज कर सीधे शिक्षार्थियों के घर के पते पर रजिस्टर्ड पार्सल आदि के द्वारा प्रेषित की जायें।

(32) प्रभारी पाठ्य–सामग्री, पाठ्यसामग्री प्रेषण के लिए पोस्ट आफिस से सम्पर्क कर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर इसे क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(33) प्रभारी पाठ्य–सामग्री कार्यक्रमवार प्रत्येक सेट को गुणवत्तायुक्त लिफाफे/बैग में पैक कर शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रभारी पाठ्य–सामग्री बैग हेतु प्रस्ताव को मूर्त रूप में प्रस्तुत करेगें।

(34) ऐसे कार्यक्रमों जिसमें अधिन्यास आवश्यक हो, पाठ्य–सामग्री प्रभारी प्रत्येक कार्यक्रमों के अधिन्यास प्रश्नपत्र प्रभारी अधिन्यास से प्राप्त कर पाठ्य–सामग्री के पैकेट के साथ संलग्न कराते हुए शिक्षार्थी को सीधे प्रेषित कराना सुनिश्चित करेंगे ।

(35) प्रभारी पाठ्य–सामग्री सत्र 2012–13 के पाठ्य–सामग्री प्रेषण की व्यवस्था हेतु एवं अधिन्यास प्रभारी अधिन्यास सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही जैसे मुद्रण इत्यादि की प्रक्रिया हेतु पर्याप्त समय रहते हुए तैयारी पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लें।

(36) पाठ्यसामग्री आदि भेजने हेतु पते की स्लिप सूचना दो प्रतियों में विवरणिका में ही मुद्रित कराई जाय। इस प्रपत्र में शिक्षार्थी का नाम, कार्यक्रम का नाम, चुने हुए प्रश्नपत्रों का विवरण, माध्यम, शुल्क विवरण, अध्ययन केन्द्र का नाम और स्व अध्ययन सामग्री शिक्षार्थी को प्रेषित करने हेतु उसका

पता अंकित कराया जाय। अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा इसे पूरित करवाकर एवं सत्यापित करके इसकी एक प्रति प्रत्येक सप्ताह के अंत तक सूची के साथ प्रभारी पाठ्सामग्री को भेजना सुनिश्चित करें जिससे शिक्षार्थी के निवास स्थान पर पाठ्यसामग्री प्रेषित की जा सके। एक प्रति अध्ययन केन्द्र पर सुरक्षित रखी जाये एवं आवश्यकतानुसार प्रयुक्त की जाये।

C अधिन्यास से सम्बन्धित

(37) प्रभारी अधिन्यास, अधिन्यास के प्रश्न पत्र की वांछित संख्या में उपलब्धता अध्ययन केन्द्रों पर पाठ्य–सामग्री भेजने से पूर्व पाठ्य–सामग्री अनुभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(38) प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर/जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर व वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों हेतु 31 अक्टूबर/31 मार्च तक अधिन्यास जमा होंगे। क्षेत्रीय कार्यालय के अर्न्तगत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के समन्वयक 7 नवम्बर/7 अप्रैल तक सभी अधिन्यास पुस्तिका एवं उनके केन्द्र पर विभिन्न कार्यक्रमों के परामर्श सत्र ले रहे प्राध्यापकों के पूर्ण विवरण (जैसे– नाम, पद, अनुभव, पता एवं मोबाइल नम्बर आदि के) स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालय को डेटाबेस तैयार करने के लिए उपलब्ध करा देंगे। क्षेत्रीय समन्वयक अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त उक्त सूची सम्बन्धित विद्या शाखा के निदेशकों के पास प्रेषित करेंगे जो अर्हता को ध्यान में रखते हुए परीक्षकों की सूची तैयार करेंगे, जो कुलपति जी के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जायेगी। तंदपश्चात उक्त सूची के आधार पर मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करायेंगे।

(39) क्षेत्रीय समन्वयक अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर, जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर तथा जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों/जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर, जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर तथा जुलाई सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों की अधिन्यास पुस्तिका की प्रश्नपत्र वार आवश्यकतानुसार संख्या में पैकेट्स बनवायेंगे एवं अपने अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों पर परामर्श ले रहे प्रध्यापकों को मूल्यांकन कार्य हेतु स्पीड पोस्ट के द्वारा मूल्यांकन के लिए प्रेषित करायेंगे (उदहारणार्थ S-105 की अधिन्यास पुस्तिका S-107 पर और S-107 केन्द्र की अधिन्यास पुस्तिका किसी अन्य केन्द्र पर भेजना सुनिश्चित करेंगे)। अधिन्यास पुस्तिका मूल्यांकन कार्य हेतु 15 नवम्बर/15 अप्रैल तक परीक्षकों को प्रेषित हो जाने चाहिए। 30 नवम्बर/30 अप्रैल तक मूल्यांकित अधिन्यास पुस्तिका परीक्षकों से क्षेत्रीय केन्द्र को Award List के साथ प्राप्त हो जाने चाहिये। क्षेत्रीय कार्यालय मूल्यांकित अधिन्यास पुस्तिका की कम्प्यूटर प्रविष्टि दिनांक 10 दिसम्बर/10 मई तक पूर्ण कराकर 15 दिसम्बर/15 मई तक अधिन्यास के अंक CD में संरक्षित कराते हुए प्रभारी अधिन्यास को भेजवाना सुनिश्चित करेंगे।

(40) प्रभारी अधिन्यास, अध्ययन केन्द्र समन्वयकों और क्षेत्रीय समन्वयकों को यह सूचना निर्गत करेंगे की प्रत्येक अधिन्यास उत्तर पुस्तिका पर शिक्षार्थियों के Performance के आधार पर Feedback हेतु टिप्पणी अनिवार्य रुप से लिखी जाय।

(41) अधिन्यास प्रभारी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों के प्रश्नपत्रों के अधिन्यास 4 Sets में (Like A, B, C, D) बनवाना सुनिश्चित करेंगे। जिससे सभी शिक्षथियों को एक ही प्रकार के

अधिन्यास कार्य निर्गत न हो बल्कि अधिन्यास कार्य में विविधता हो जिससे परीक्षा अधिन्याय कार्य की सुचिता बनी रहे। प्रत्येक शिक्षार्थी को निर्देशित किया जाय कि प्रत्येक छात्र अधिन्यास की पुस्तिका पर उत्तर लिखने से पूर्व सम्पूर्ण प्रश्न को जैसा कि अधिन्यास प्रश्न पत्र में दिया गया हो अनिवार्य रुप से लिखेंगे। क्योंकि अधिन्यास प्रश्न पत्र के निर्माण का कार्य इस वर्ष पूर्ण कर लिया गया है। अतः यदि सम्भव न हो तो 04 सेट में अधिन्यास प्रश्न पत्र के निर्माण को सत्र 2013–14 से लागू किया जाये।

(42) प्रभारी अधिन्यास कार्यक्रमवार प्रश्नपत्रों के Different Sets SLM Incharge को इस आशय के साथ उपलब्ध करायें कि प्रत्येक प्रश्न पत्र के पाठ्य सामग्री के साथ अलग–अलग Set के अधिन्यास संलग्न हो जिससे अध्ययन केन्द्रों पर शिक्षार्थियों को अलग–अलग अधिन्यास प्रश्नपत्र प्राप्त हो सके।

(43) अधिन्यास के प्रथम दो ब्लाक के पाठ्य सामग्री सम्बन्धी प्रश्नों को ही अधिन्यास प्रश्न पत्र में समाहित किया जाये जबकि सत्रांत परीक्षा में प्रथम दो ब्लाक की पाठ्य सामग्री का 20% एवं शेष सामग्री को 50% का अधिभार दिया जाये।

(44) क्षेत्रीय केन्द्रों पर अधिन्यास मूल्यांकन, प्रवेश हेतु एवं अन्य क्रियाकलाप के लिए मानव व भौतिक संसाधन उपलब्ध कराये जायें।

(45) क्षेत्रीय केन्द्रों पर अधिन्यास मूल्यांकन सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्य के निष्पादन हेतु प्रति अधिन्यास रु. 1/– की दर से मानदेय दिया जाये, जो अतिरिक्त समय में काम करने वाले तृतीय/चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को अथवा इस कार्य हेतु वाह्य स्रोत से लिये गये व्यक्तियों को देय होगा। परन्तु यह तब ही देय होगा जब क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा डेडलाईन के अनुसार तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

(46) प्रभारी अधिन्यास भविष्य की योजना के अर्न्तगत सभी प्रश्न पत्रों के Question Banks तैयार करायेंगे और विभिन्न विद्या शाखाओं/विषय विशेषज्ञों के माध्यम से Question Bank से ही अधिन्यास के विभिन्न Sets तैयार कराना सुनिश्चित करायें।

D Project Work से सम्बन्धित

(47) Project कार्य जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर तथा जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर एवं जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों के शिक्षार्थियों के लिए जमा करने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर एवं जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर तथा जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर एवं जुलाई सत्र के वार्षिक आधार पर संचालित कार्यक्रमों हेतु जमा करने के लिए 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।

(48) Project कार्य के आन्तरिक अंक अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर एवं जनवरी सत्र के द्वितीय व जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों में Project कार्य के अंक 20 दिसम्बर तथा जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर एवं जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर व जुलाई सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों के लिए Project कार्य के अंक 20 मई तक अनिवार्य रुप से प्रभारी अधिन्यास को उपलब्ध हो जाने चाहिये।

(49) सत्र 2012–13 से शिक्षार्थियों को Project कार्य की तीन प्रतियां अध्ययन केन्द्र पर जमा करनी होगी।

(50) अध्ययन केन्द्र समन्वयक अनिवार्य रुप से परियोजना कार्य के वाह्य मूल्यांकन हेतु दो प्रतियाँ Project Cell को जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर एवं जनवरी सत्र के द्वितीय व जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों के लिए 5 दिसम्बर एवं जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर एवं जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर व जुलाई सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों के लिए 5 मई तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिये।

(51) अध्ययन केन्द्र समन्वयक सम्बन्धित Project Guide से Project के मूल्यांकन हेतु विषय विशेषज्ञ के नाम प्राप्त करते हुए, Project Cell को पूर्ण विवरण, नाम, पद, पता, मोबाइल नम्बर की सूची के साथ मूल्यांकन कार्य हेतु उपलब्ध करायेंगे। Project Cell विषय विशेषज्ञों के नाम की सूची निदेशक, School Board को अनुमोदनार्थ प्रेषित कराना सुनिश्चित करेंगे।

(52) सम्बन्धित विद्या शाखा के निदेशक प्रत्येक परियोजना कार्य के वाह्य मूल्यांकन हेतु अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा भेजे गये अर्ह Experts के नामों के साथ अन्य नामों को जोड़कर माननीय कुलपति जी के अनुमोदनार्थ मूल्यांकन हेतु प्रेषित करेंगे। यह Project कार्य दो विशेषज्ञो के पास मूल्यांकन हेतु प्रेषित किए जायेंगे और दो विषय विशषज्ञों द्वारा आबंटित नम्बरों का औसत निकालकर शिक्षार्थी को परियोजना कार्य में अंक प्रदान किए जायेंगे। वाह्य विशेषज्ञों को इसके मूल्यांकन हेतु 20 दिन का समय आबंटित किया जायेगा। (जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर/जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर/जनवरी सत्र के वार्षिक आधार पर संचालित कार्यक्रमों हेतु 30 दिसम्बर तथा जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर/जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर/ जुलाई सत्र के वार्षिक आधार पर संचालित कार्यक्रमों हेतु 30 मई तक मूल्यांकित Project के अंक परीक्षा नियंत्रक को अनिवार्य रुप से प्राप्त हो जाने चाहिए।)

(53) मूल्यांकित परियोजना कार्य की एक प्रति परीक्षा परीणाम घोषित हो जाने के उपरान्त Project Cell के माध्यम से शिक्षार्थियों के अध्ययन हेतु पुस्तकालय को भेजवाना सुनिश्चित करेंगे।

E परीक्षा से सम्बन्धित

(54) बैक परीक्षा फार्म की अन्तिम तिथि जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर, जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर व जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों हेतु 31 अक्टूबर एवं जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर तथा जुलाई सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों व जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर हेतु 31 मार्च निर्धारित की गई है जो परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को 10 नवम्बर एवं 10 अप्रैल तक प्राप्त हो जाने चाहिए।

(55) परीक्षा नियंत्रक कार्यालय बैक परीक्षा का फार्म आवश्यक संख्या में सभी अध्ययन केन्द्रों को उपलब्ध कराना सुनिश्चि करें एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी Upload करें।

(56) दिसम्बर परीक्षा परिणाम फरवरी के अन्तिम सप्ताह एवं जून परीक्षा परिणाम जुलाई के अन्तिम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से घोषित किये जाए ।

(57) विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गये परीक्षा केन्द्रों को यह निर्देशित किया जाय कि सत्रान्त परीक्षा की उत्तर पुस्तिका Morning Shift की उसी दिन सांय एवं Evening Shift की उत्तर पुस्तिका अगले दिन पूर्वाह्न परीक्षा नियत्रंक के नाम स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से Dispatch हो जाना चाहिए। ऐसे केन्द्र जो इसका पालन नहीं करते उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आगामी सत्र हेतु परीक्षा केन्द्र निरस्त कर दिया जाय। **Dispatch** पर होने वाले अनुमानित व्यय की धनराशि पूर्व में ही **Study Centres** को उपलब्ध कराये जायें।

(58) गत वर्ष प्रेषित सभी पुराने उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा केन्द्रों से अविलम्ब वापस मगाएं जाय।

(59) सत्र 2012–13 से सत्रान्त परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के सम्बन्ध में परीक्षा नियंत्रक महोदय से यह अपेक्षा कि गई है कि क्या राज्य सरकार द्वारा ऐसी कोई अधिसूचना जारी है की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु उत्तर पुस्तिाकएं परीक्षकों के निवास स्थान पर प्रेषित नहीं किया जाय वरन इनका केवल केन्द्रीय मूल्यांकन कराया जाय। सूचना अप्राप्त होने पर निर्णय लिया गया कि यदि शासनादेश के द्वारा केन्द्रीय मूल्यांकन करना बाध्यकारी है तब शासनादेश में दी गयी व्यवस्थानुसार केन्द्रीय मूल्यांकन कराया जाय परन्तु यदि ऐसी कोई बाध्यता नहीं है तब परीक्षकों को डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जायें।

(60) सत्र 2012–13 से उत्तर पुस्तिकाओं पर परीक्षकों के द्वारा आबंटित अंको को **Award List** पर चढ़ाने के लिए **Disposable** कार्बनयुक्त **Award List** की (तीन प्रतियों में) व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

F परामर्श से सम्बन्धित

(61) 1 से 4 की छात्र संख्या पर 25% परामर्श सत्रों के संचालन की अनुमति दी जाय।

(62) विश्वविद्यालय मुख्य परिसर (S-005) के स्थिति में या तो शिक्षार्थियों के लिए रविवार को परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाय। परन्तु उस स्थिति में विश्वविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को साप्ताहिक अवकाश रविवार के स्थान पर शुक्रवार को दिया जाये अथवा न्यूनतम दो परामर्श सत्र लेने वाले अध्यापकों को प्रतिकर अवकाश अनुमन्य किया जाए, जो एक माह के अन्दर ले लिये जाए।

(63) विश्वविद्यालय मुख्य परिसर (S-005) के शिक्षार्थियों हेतु शहर में परामर्श सत्रों के आयोजन हेतु भवन इत्यादि की व्यवस्था करने एवं उनका संचालन करने हेतु एक स्वतंत्र अध्ययन केन्द्र के रुप में स्थापित किया जाय एवं अन्य अध्ययन केन्द्रों के सामान ही सुविधायें उपलब्ध कराई जाय।

(64) परामर्श सत्र की समय–सारणी पूर्व में ही शिक्षार्थियों को कैसे उपलब्ध हो इस पर निर्णय अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की कार्याशाला में लिया जाय।

(65) प्रयोगात्मक विषयों के परामर्श सत्रों की संख्या के निर्धारण हेतु सम्बन्धित विद्या शाखा के निदेशकों से प्रस्ताव मांगे जाय।

G क्षेत्रीय कार्यालय से सम्बन्धित

(66) क्षेत्रीय कार्यालयो की Monitoring हेतु निदेशकों द्वारा समय–समय पर औचक निरीक्षण किया जाय जो क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्य प्रगति की Report सीधे माननीय कुलपति जी को सन्दर्भित करें। इस हेतु मा. कुलपति जी द्वारा सत्र के प्रारम्भ में सभी निदेशकों को एक–एक क्षेत्रीय केन्द्र निर्दिष्ट कर दिया जाये।

(67) अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की कार्यशाला से पूर्व क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित करायी जाये। क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों से ही अधोसंरचना (स्थान आदि) तथा क्षेत्रीय केन्द्रों पर कार्यो के कुशल संचालन हेतु Requirement प्राप्त कर लिया जाए।

(68) प्रवेश, मूल्यांकन व अन्य कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय केन्द्रों पर निम्नांकित सुविधायें उपलब्ध करायी जाये।

(i) पूर्ण कालिक क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक की व्यवस्था।

(ii) दो डाटा इण्ट्री आपरेटर की व्यवस्था की जाए ।

(iii) दो तृतीय एवं दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए।

(iv) अधोसंरचना (Infrastructure) की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय।
(1 लैपटाप, 5 डेस्कटाप, 2 स्कैनर, 4 प्रिन्टर, 1 हैवी डयूटी प्रिन्टर, समस्त कम्प्यूटर के बैकअप के लिए यू0पी0एस0, 2 पैनड्राइव, फर्नीचर, रैक, अलमारी आदि।)

(v) क्षेत्रीय समन्वयक को Impreset Money रु.5000/– आबंटित किया जाय एवं उन्हें दिये गये विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु समय–समय पर नियमानुसार अग्रिम दिलाने की व्यवस्था की जाय।

किसी भी प्रकार की विसंगति, अस्पष्टता या अपूर्णता की स्थिति में मा. कुलपति जी द्वारा तद्समय निर्णय लिया जाये।

डॉ.(एस.पी. गुप्ता) संयोजक	डॉ.(बी.एन. सिंह) सदस्य	डॉ.(एम.एन. सिंह) सदस्य	डॉ. (ओम जी गुप्ता) सदस्य
डॉ.(प्रेम प्रकाश दूबे) सदस्य	डॉ.(टी.एन. दूबे) सदस्य	डॉ(आर.पी.एस. यादव) सदस्य	डॉ.(संतोषा कुमार) सदस्य
डॉ.(देवेश रंजन त्रिपाठी) सदस्य	डॉ.(मुकेश कुमार) सदस्य	डॉ.(एच.सी. जायसवाल) सदस्य	डॉ.(गिरीश कुमार द्विवेदी) सचिव

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति की संस्तुतियों पर विचार करने हेतु दिनांक 17.05.2012 को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कार्यवृत्त। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. डॉ. एस.पी. गुप्ता, निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा	संयोजक
2 डॉ. बी.एन. सिंह, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा	सदस्य
3 डॉ. एम.एन. सिंह, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा	सदस्य
4 डॉ. ओम जी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा	सदस्य
5 डॉ. प्रेम प्रकाश दूबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा	सदस्य
6 डॉ. टी.एन. दूबे, पुस्तकालयाध्यक्ष	सदस्य
7. डा. आर.पी.एस. यादव, परीक्षा नियंत्रक	सदस्य
8. डॉ. संतोषा कुमार, प्रभारी, पाठ्यसामग्री	सदस्य
9. डॉ. देवेश रंजन त्रिपाठी, प्रभारी, अधिन्यास प्रकोष्ठ	सदस्य
10. डॉ. मुकेश कुमार, विशेष कार्याधिकारी, परीक्षा	सदस्य
11. प्रो0 जयप्रकाश, समन्वयक, गोरखपुर	सदस्य
12. प्रो0 ए.एन. मौर्या, समन्वयक, वाराणसी	सदस्य
13. प्रो0 एस.के. पाण्डेय, समन्वयक, लखनऊ	सदस्य
14. डॉ0 वीना यादव, समन्वयक, बरेली	सदस्य
15. डॉ गिरीश कुमार द्विवेदी, प्रभारी प्रवेश अनुभाग	सचिव

बैठक का कार्यवृत्त

1. माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति की संस्तुतियाँ पर सम्यक विचार किया गया है एवं विचारोपरान्त उन्हें सर्व सम्मिति से स्वीकार किया गया। (परिशिष्ट–1)
2. उपस्थित सदस्यों द्वारा उठाये गये अतिरिक्त बिन्दुओं पर विचारोपरान्त निम्न संस्तुतियाँ सर्वसम्मिति से की गई।

(i) अध्ययन केन्द्र समन्वयको की कार्यशाला यथाशीघ्र आयोजित कराई जाये जिससे सत्र 2012–13 शैक्षिक सत्र के लिए हो रहे अभिनव प्रयोगो एवं परिवर्तनों से उन्हें अवगत कराया जा सके। क्षेत्रीय केन्द्रवार अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की कार्यशाला निम्नलिखित तिथियों पर सम्पन्न कराने की संस्तुति की गई –

(अ) क्षेत्रीय केन्द्र इलाहाबाद से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला दिनांक 07 जून, 2012 को प्रातः 10:30 से सायं 4:00 बजे तक आयोजित कराई जाय। इस क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों को इसकी सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय समन्वयक को अपने स्तर से करनी होगी।

(ब) क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला दिनांक 08 जून, 2012 को प्रातः 10:30 से सायं 4:00 बजे तक आयोजित कराई जाय। इस

क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों को इसकी सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय समन्वयक को अपने स्तर से करनी होगी।

(स) क्षेत्रीय केन्द्र बरेली से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला दिनांक 11 जून, 2012 को प्रातः 10:30 से सायं 4:00 बजे तक आयोजित कराई जाय। इस क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों को इसकी सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय समन्वयक को अपने स्तर से करनी होगी।

(द) क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला दिनांक 13 जून, 2012 को प्रातः 10:30 से सायं 4:00 बजे तक आयोजित कराई जाय। इस क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों को इसकी सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय समन्वयक को अपने स्तर से करनी होगी।

(य) क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला दिनांक 14 जून, 2012 को प्रातः 10:30 से सायं 4:00 बजे तक आयोजित कराई जाय। इस क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों को इसकी सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय समन्वयक को अपने स्तर से करनी होगी।

(ii) <u>प्रवेश से सम्बन्धित</u>

(अ) प्रवेश आवेदन पत्रों को शिक्षार्थियों के लिए अनुमन्य अधिकतम अवधि की सीमा समाप्त हो जाने के उपरान्त 01 वर्ष तक संरक्षित रखा जाय तत्पश्चात उसे नष्ट कर दिया जाय। परन्तु विवादित प्रकरणें से सम्बन्धित आवेदन पत्रों को नष्ट न किया जाय।

(ब) प्रवेश फार्मो की प्राप्ति रसीद बुक तीन प्रतियों में मुद्रित कराई जाय (एक मूल व दो कार्बन प्रति)

(स) ऐसे अध्ययन केन्द्र जहॉ छात्रा संख्या 50 या उससे अधिक हैं वहॉ के नव प्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए अक्टूबर माह के प्रथम रविवार को इन्डक्सन मीटिंग आयोजित कराई जाय और इसके लिए अध्ययन केन्दों को रु0 500/– तक के व्यय का अतिरिक्त भुगतान किया जाय।

(द) यथा सम्भव किसी शहर/ग्रामीण अंचल में एक ही कार्यकम को कई अध्ययन केन्द्र पर आबंटित न किया जाय।

(य) यदि किसी शहर/कस्बे में कई अध्ययन केन्द्र हो और वहां अनुमन्य विभिन्न कार्यकमों में शिक्षार्थियों की संख्या भी कम हो तो उसे सम्मिलित करते हुए यदि सम्भव हो तो किसी एक केन्द्र पर सम्बन्धित कार्यक्रम की काउन्सिलिंग कराई जाय।

(iii) <u>परीक्षा से सम्बन्धित</u>

(अ) परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाए परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त 03 वर्ष के बाद नष्ट कर दिया जाय बशर्ते ऐसी उत्तर पुस्तिकाए जिस पर विवाद हो या प्रकरण न्यायालय या अन्य न्यायिक प्रकिया में विचाराधीन हो तो उसे नष्ट न किया जाय।

(ब) परीक्षा केन्द्र निर्धारण से पूर्व विगत वर्ष की परीक्षा के दौरान उड़ाका दल, आबर्जवर रिर्पोट, क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों के विचारों तथा परीक्षा केन्द्र के द्वारा विगत वर्षो में निष्पादित परीक्षा कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए ही परीक्षा केन्द्र आबंटन की प्रकिया को पूर्ण किया जाय।

(स) सभी परीक्षा केन्द्रों को गत वर्ष भेजे जाने वाले कार्यक्रम के सापेक्ष अधिक अग्रिम उपलब्ध कराया जाय जिससे वे नई व्यवस्था के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिकाओं का प्रेषण रजिस्टर डाक/पार्सल से सुविधा पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कर सके।

(द) प्रयोगात्मक परीक्षा वाले केन्द्र को भी अग्रिम उपलब्ध कराया जाय जिससे वे आवयश्कतानुसार परीक्षकों एवं उसमें संलिप्त कर्मचारियों के चाय एवं अल्पाहार इत्यादि की व्यवस्था कर सके।

(य) प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो परीक्षा केन्द्र चयनित किए गये हो उन्हें प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि एवं परीक्षक के सम्बन्ध में पूर्व में ही सूचना प्रेषित कराई जाय।

(र) परीक्षकों, मूल्यांकनकर्ताओं, प्रश्न–पत्र निर्माताओं, परामर्श सत्रों के देयकों इत्यादि का भुगतान त्वरित गति से निष्पादित कराये जाय।

(ल) परीक्षकों/अध्यापकों के यात्रा देयको का भुगतान बिल प्रस्तुत करने के एक सप्ताह के अन्दर किया जाय।

(व) प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम की सूचना क्षेत्रीय केन्द्रों भी दि जाय।

(iv) <u>परामर्श सत्र से सम्बन्धित</u>

(अ) परामर्श सत्रों में उपस्थित होने वाले छात्रों की उपस्थिति परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा उपलब्ध कराये गये उपस्थित पत्रक पर ही होना चाहिए। शिक्षार्थियों की उपस्थिति, उपस्थिति पंजिका पर दर्ज न कराई जाय बल्कि एक अलग पत्रक पर कराया जाय। इस उपस्थिति पत्रक पर तिथि एव विषयवार शिक्षार्थियों के हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं। हस्ताक्षर न होने की दशा में परामर्श सत्रों के देयक का भुगतान अनुमन्य नहीं होगा।

(ब) परामर्श प्रकोष्ठ शिक्षार्थियों के उपस्थिति के रिकार्ड हेतु उपस्थित पत्रक तैयार कर सभी अध्ययन केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में भेजवाना सुनिश्चित कराए।

(v) <u>क्षेत्रीय केन्द्रों से सम्बन्धित</u>

(अ) केन्द्र समन्वयकों द्वारा केन्द्र के समुचित संचालन हेतु की गई मॉगों पर त्वरित कार्यवाही की जाये।

(ब) क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों द्वारा अध्ययन केन्द्रो के औचक निरीक्षण करने पर नियमानुसार यात्रा भत्ता देय हो। (निरीक्षण हेतु उस क्षेत्रीय केन्द्र से सम्बन्धित निदेशक की अनुमति पूर्व में प्राप्त करना आवश्यक है।)

(स) क्षेत्रीय केन्द्रों पर उपलब्ध कराए गये सुविधाओं जैसे फैक्स, कम्प्यूटर, वाटर कूलर एवं अन्य उपकरण के रखरखाव हेतु ए.एम.सी. कराई जाये।

(द) क्षेत्रीय केन्द्रों को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं जैसे– फोन एवं फैक्स इत्यादि के बिलों का भुगतान नियमित रुप से किया जाये।

(vi) <u>वित्तीय निहितार्थ</u>

(अ) विभिन्न क्रिया कलापों के लिये आवश्यक अधोसंरचना तथा मानव शक्ति की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाये।

(ब) सामान्यतः किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर होने वाले व्यय के अतिरिक्त प्रवेश अनुभाग को प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्ति की रसीद बुक छपवानी होगी जिस पर अनुमानतः 50000/– रु. का व्यय होगा। परिचय पत्र बनवाने पर होने वाले लगभग 200000/–, के व्यय के स्थान पर आई–कार्ड स्टेशनरी के मुद्रण पर मात्र 50000/– रु. व्यय होगा।

(स) सामान्यतः किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर होने वाले व्यय के अतिरिक्त SLM अनुभाग को पूर्व में दी जा रही पॉलीथीन लिफाफे व टाट व ट्रक भाड़े के स्थान पर मजबूत बैगों के क्रय आदि एवं डाक व्यय पर व्यय करना होगा। पन्नी व टाट के स्थान पर बैग क्रय पर लगभग 4 लाख रुपये का एवं ट्रक भाड़े के स्थान पर डाक व्यय पर लगभग 15 लाख का अतिरिक्त व्यय होगा।

(द) सामान्यतः किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर होने वाले व्यय के अतिरिक्त अधिन्यास अनुभाग को चार सेट में अधिन्यास बनवाने पर लगभग 15 लाख रुपये एवं क्षेत्रीय केन्द्रों पर कार्य कराने पर लगभग 2 लाख का अतिरिक्त व्यय होगा।

(य) सामान्यतः किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर होने वाले व्यय के अतिरिक्त परामर्श प्रकोष्ठ को परामर्श उपस्थिति पत्रक छपवाने पर लगभग 2 लाख का व्यय होगा।

(र) सामान्यतः किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर होने वाले व्यय के अतिरिक्त परीक्षा अनुभाग के द्वारा डिस्पोजेबल कार्बन वाली अंक पत्र (Award List) छपवाने पर लगभग 1 लाख का अतिरिक्त व्यय होगा।

डॉ. (एस.पी. गुप्ता)
संयोजक

डॉ. (बी.एन. सिंह)
सदस्य

डॉ. (एम.एन. सिंह)
सदस्य

डॉ. (ओम जी गुप्ता)
सदस्य

डॉ. (प्रेम प्रकाश दूबे)
सदस्य

डॉ. (टी.एन. दूबे)
सदस्य

डा. (आर.पी.एस. यादव)
सदस्य

डॉ. (संतोषा कुमार)
सदस्य

डॉ. (देवेश रंजन त्रिपाठी)
सदस्य

डॉ. (मुकेश कुमार)
सदस्य

डॉ. (गिरीश कुमार द्विवेदी)
सचिव

संलग्नक -II

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

कार्यवृत्त

माननीय कुलपति महोदय द्वारा योग में डिप्लोमा कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु गठित समिति की बैठक दिनाँक 30--05--2012 को छात्र कल्याण भवन, इलाहाबाद में पूर्वाह्न 11.00 आहूत की गई। इसमें निम्नलिखित विशेषज्ञों ने प्रतिभाग लिया :--

1. डॉ. अरविन्द मिश्र, रीडर, फिजिकल एजूकेशन इलाहाबाद डिग्री कालेज, इलाहाबाद
2. डॉ. भास्कर शुक्ल, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग, हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इलाहाबाद
3. श्री कार्तिक कुमार, समन्वयक, सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान झूसी इलाहाबाद
4. डॉ. सन्तोषा कुमार, रीडर, प्रभारी पाठ्यसामग्री, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
5. डॉ एच.सी. जायसवाल, वरिष्ठ परामर्शदाता, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
6. डॉ. जी.के. द्विवेदी, प्रभारी प्रवेश, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

प्रस्तावित पाठ्यक्रम संरचना निम्नवत है:--

Paper No.	Course Code	Introduction to Yoga पाठ्यक्रम का शीर्षक	Cred
	D.Y.Ed- 01	Yoga: An Introduction, Indian Culture, Life and Messages of Swami Vivekanand and Shri RamKrishna योग: परिचय भारतीय संस्कृति स्वामी विवेकानन्द एवं श्री रामकृष्ण के जीवनवृत्त व सन्देश	4
	D.Y.Ed -02	Patanjali Yoga and Hath Yoga पातञ्जलि योग और हठ योग	4
	D.Y.Ed-03	Yoga and Value Education, Application of Yoga in Modern Life योग एवं मूल्यपरक शिक्षा, योग का आधुनिक जीवन में अनुप्रयोग	4
	D.Y.Ed-04	Yoga, Psychology and Mental Health योग, मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य	4
	D.Y.Ed 05	Structure and function of Human body and effect of Yogaic Practices on it मानव शरीर की संरचना एवं कार्य तथा इन पर यौगिक अभ्यास का प्रभाव	4
	D.Y.Ed 06(P)	Yogasana, Pranayam, Meditation, Devotional music and Kriyas योगासन, प्राणायाम, ध्यान, भक्तिपरक संगीत एवं कियाएँ	8
	D.Y.Ed 07(P)	Teaching Practice शिक्षण अभ्यास	4
	D.Y.Ed 08(P)	Project and Viva परियोजना एवं मौखिकी	8
Total Credits			40

योग में डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु प्रमाण–पत्र वाले पाठ्यक्रमों के पाठ्य पुस्तक को पूर्व की भाँति यथावत रखे जाने की संस्तुति की जबकि अन्य प्रश्न–पत्रो के लिए निम्नलिखित पाठ्यसामग्री रखने की संस्तुति की गई :–

D.Y.Ed-02

(1) हठ योग प्रदीपिका

D.Y.Ed-04

(1). Suructure and fuction of human body.....Published by Kaivalyadhama. (Hindi version)

(2) Anatomy & Physiology for Nurses, Evilyn Pearce (Hindi version) by Manu & Mahesh

D.Y.Ed-06

(1) Asan by Swami Kuvalayanada, Kalvalyadhama, Lonavla (Hindi version)

(2) Pranyama by Swami Kuvalayanada, Kalvalyadhama, Lonavla (Hindi version)

30.05.12

डॉ. अरविन्द मिश्र
सदस्य

30.5.12

श्री कार्तिक कुमार
सदस्य

30/05/12

डॉ. भास्कर शुक्ल
सदस्य

डॉ. सन्तोष कुमार
प्रभारी पाठ्यसामग्री

डॉ. एच.सी. जायसवाल
प्रभारी पाठ्यसामग्री लेखन

डॉ. जी.के. द्विवेदी
प्रभारी प्रवेश